## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष कल्याण ने सुनीं जन समस्याएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज करनाल चीनी मिल रेस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर अधिकारियों को शेष कार्यों के निपटान के लिए समय-सीमा निर्धारित की। जनता से सीधा संवाद करते हुए हरविंद्र कल्याण ने कहा कि घरौंडा हलके का चौतरफा विकास और जनता को त्वरित न्याय दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

### 'मेरा पसंदीदा श्लोक' स्पर्धा में शामिल होकर जीतें इनाम

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अंतर्गत एक विशेष आयोजन "मेरा पसंदीदा श्लोक" वीडियो प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। गीता ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा के सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा यह ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता आम नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को गीता के शाश्वत संदेश से जोड़ने का एक श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है।

### लेबर कोड्स के विरोध में 26 को विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** बिहार चुनाव जीतने के तुरंत बाद मजदूरों और कर्मचारियों के विरोध के बावजूद 29 कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड्स को लागू करने का ऐलान कर दिया है। जिसके खिलाफ देशभर में मजदूर एवं कर्मचारी संगठनों ने लामबंद हो गए हैं और 26 नवंबर को देशभर में जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन रैलियां करने का ऐलान किया है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा और मजदूर संगठन सीटू के जरनल सेकेट्री जयभगवान ने लेबर कोड्स को लागू करने को मजदूर वर्ग पर बड़ा हमला बताया है।

### लंबित पंजीकरणों के लिए एक और अवसर दिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद ने पंजीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुगम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जिन आवेदकों द्वारा पंजीकरण के लिए अभी तक अपने दस्तावेज़ परिषद में जमा नहीं किए गए हैं, उनको यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त अवसर देने का निर्णय लिया है। हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद की रजिस्ट्रार अंकिता अधिकारी ने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने फार्मेसी में पंजीकरण के लिए पहले अपने दस्तावेज़ जमा नहीं किए थे।

### जिलाध्यक्षों व नेताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन कमेटी ने शनिवार को पार्टी के जिलाध्यक्षों समेत दूसरे नेताओं व कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक ने साफ कहा कि पार्टी लाइन के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ अब ठोस कार्रवाई होगी। शनिवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में कमेटी के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल मलिक की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन कमेटी की मीटिंग हुई।

---

### वोट चोरी से भाजपा नहीं, कांग्रेस बनाती थी सरकार

# बिहार की जनता ने पूरे देश को दी दिशा, मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ेगा : कैप्टन अभिमन्यु

*पूर्व चेयरमैन राजेश दुहन की बेटी दीक्षा और बेटे मिंकुल की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देशभर के कार्यकर्ताओं ने बिहार की जनता के दरवाजे पर जाकर पार्टी के लिए प्रचार किया था। उन्हीं की मेहनत से बिहार में प्रचंड बहुमत मिला और बिहार की जनता ने पूरे देश को दिशा देने का काम कर दिया। कैप्टन अभिमन्यु गांव पेटवाड़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे पूर्व चेयरमैन राजेश दुहन की बेटी दीक्षा और बेटे मिंकुल की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बिहार में गमछा लहराकर बिहार की जनता का अभिनंदन किया है।



**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

#### विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं

पूर्व वित्तमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जातपात के नाम पर वोट चोरी करने का काम कर रही हैं। आज प्रदेश में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा ऐसे में वो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निशाना बनाकर उनको गायब बताने का काम कर रहे हैं। वे गायब नहीं नायाब है उनके बराबर का कोई नहीं है। उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वे काफी लोकप्रिय मुख्यमंत्री है। बिहार में भी उनकी लोकप्रियता का जादू खूब चला। उनके नेतृत्व में लगातार प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

#### मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा नेता अजय सिंधु, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, एडवोकेट दीपक लोहान, बिजेंद्र शर्मा, करणपाल पेटवाड़, सोनू सैनी, महावीर श्योराण, नीलम जांगड़ा, जयबीर माजरा, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, चांदीमान, प्रीत सिंह, जगदीश फौजी आदि मौजूद थे।

#### कांग्रेस पार्टी जनता से जुड़ाव नहीं कर पा रही

स्पष्ट जनादेश देकर यह साबित कर दिया कि अब विपक्ष पूरी तरह से टूट चुका है। 21वीं सदी में भारत पूरी दुनिया में विकसित राष्ट्र होगा। वोट चोरी के नाम पर कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह करने का काम कर रही हैं। जनता यह मुद्दा पूरी तरह से नकार चुकी हैं। कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार से जनता से जुड़ाव नहीं कर पा रही।

---

### 24 से गीता यज्ञ व गीता पूजन के साथ होगा गीता महोत्सव का आगाज

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान पुरुषोत्तमपुरा बाग में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी, विदेशी शिल्पकारों के स्टॉल और मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच सजने लगा है। इस महोत्सव में 24 नवंबर को गीता यज्ञ और गीता पूजन से मुख्य कार्यक्रमों का आगाज होगा और यह मुख्य कार्यक्रम 1 दिसंबर को दीपदान के साथ संपूर्ण हो जाएंग, जबकि सरस और शिल्प मेला 5 दिसंबर 2025 तक चलेगा। ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में 24 नवंबर से जनसंपर्क विभाग की तरफ से राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस प्रदर्शनी को हाईटेक प्रणाली से सुसज्जित किया जाएगा। पवित्र ग्रंथ गीता और महाभारत से जुड़े अहम लम्हों को दिखाया जाएगा।

---

## सख्ती : डीजीपी ओपी सिंह की दो टूक, रोजाना रिव्यू और नए टारगेट तय

### अब गाड़ियों पर खड़े होकर रील बनाई तो होगा एक्शन

# अब सड़क पर हुड़दंगबाजी और बोतलें फेंकने वालों की खैर नहीं

*डीजीपी ओपी सिंह ने सभी जिलों से बीते 24 घंटों में हुई आपराधिक घटनाओं का ब्योरा लेकर अगले 24 घंटे का टारगेट देना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सड़कों पर लग्जरी गाड़ियों से रील बनाने पर कार्रवाई होगी।*



*रोजा अगले 24 घंटे का लक्ष्य पुलिस के अधिकारियों व कर्मियों को दिया जा रहा है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस प्रमुख ओपी सिंह ने साफ कर दिया है कि अब हर रोज पूरे प्रदेशभर में हुई 24 घंटे के दौरान घटनाक्रम की समीक्षा होगी, इसके साथ ही पुलिस द्वारा उठाए जा रहे कदमों व कार्रवाई के बारे में अपडेट लिया जाएगा। उन्होंने सड़कों पर बोतलें फेंकने और शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध भी एक्शन लेने का निर्देश मातहत पुलिस अधिकारियों को दिया है। डीजीपी ओपी सिंह ने सभी जिलों में बीते 24 घंटे के दौरान की आपराधिक घटनाओं व इनके विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी दले रहे हैं।

**कानून व्यवस्था को लेकर मंथन**



**चंडीगढ़।** डीजीपी ओपी सिंह अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग करते हुए।

#### एक्सप्रेस वे तथा मुख्य मार्गों पर पुलिस की कड़ी नजर

एक्सप्रेस-वे पर युवा गाड़ियों की छतों पर सवार होकर रील बनाते हैं तो कई बार शराब पीकर बोतलें सडकों पर फेंकते हैं। अब ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई की जाएगी। एक्सप्रेस वे तथा मुख्य मार्गों पर गाड़ियों में सवार होकर हुड़दंग करने वालों के साथ पुलिस अब सख्ती से निपटेगी।

#### गुरुग्राम से सबसे अधिक आ रही हैं शिकायतें

डीजीपी ने सभी मातहत पुलिस अफसरों को कहा है। उन्होंने बताया कि हर रोज सुबह आठ बजे के पहले पहले दिन की उपलब्धियों और खामियों की समीक्षा होगी अगले 24 घंटे का लक्ष्य पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जा रहा है। इस तरह के प्रयास का उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों को छोटा लक्ष्य देकर उसे प्राप्त करना है। कर्मचारियों और अधिकारियों में इससे अपने अपने इलाकों में कामकाज की सक्रियता बढ़ी है। डीजीपी ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को सड़क पर सर्कस करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में गुरुग्राम में सबसे अधिक शिकायतें आ रही हैं।

#### छोटे-छोटे लक्ष्य दिए

इसके पीछे मुख्य उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों को छोटा लक्ष्य देकर उसे पार पाना है। इससे कर्मचारियों व अधिकारियों में सक्रियता बढ़ी है। पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को सड़क पर सर्कस करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अब एक्सप्रेस-वे तथा मुख्य मार्गों पर गाड़ियों में सवार होकर हुड़दंग करने वालों के साथ पुलिस अब सख्ती से निपटा जाएगा।

---

### रेलू राम पूनिया हत्याकांड: हाई कोर्ट ने सोनिया-संजीव की समय पूर्व रिहाई पर फैसला सुरक्षित रखा

**20 साल से अधिक सजा काट चुके दंपति ने राज्य सरकार के आदेश को बताया मनमाना**

**चंडीगढ़।** चर्चित रेलू राम पुनिया हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व विधायक रेलू राम पूनिया की बेटी सोनिया और दामाद संजीव कुमार की समयपूर्व रिहाई याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस सूर्या प्रताप सिंह ने दोनों की ओर से दायर अलग-अलग याचिकाओं पर विस्तृत सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित किया।अगस्त 2001 में लितानी गांव के पास स्थित फार्म हाउस में पूर्व विधायक रेलू राम पूनिया (50), उनकी पत्नी कृष्णा देवी (41), बच्चे प्रियंका (14), सुनील (23), बहू शकुंतला (20), पोता लोकेश (4) और दो पोतियों शिवानी (2) तथा 45 दिन की प्रीति की हत्या कर दी गई थी।2004 में हिसार की अदालत ने संजीव और सोनिया को फांसी की सजा सुनाई, जिसे 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा। बाद में 2014 में दया याचिका में देरी का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। संजीव की ओर से दलील दी कि संजीव वह 20 साल से अधिक वास्तविक सजा काट चुका है।

### लिव-इन में रहने वाले दो वयस्कों की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व, भले ही शादीशुदा क्यों न हो

**संविधान हर व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का देता है अधिकार**

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसला देते हुए कहा है कि लिव-इन में रहने वाले दो वयस्कों की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है, भले ही उनमें से एक साथी शादीशुदा ही क्यों न हो। अदालत ने यह साफ किया कि संविधान का अनुच्छेद-21 हर व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है, और यह अधिकार किसी भी रिश्ते की नैतिक या सामाजिक स्वीकार्यता पर निर्भर नहीं करता। निर्णय उस याचिका पर आया जिसमें एक महिला और एक पुरुष ने अपने परिवारों और परिचितों से खतरा महसूस होने का दावा करते हुए सुरक्षा की मांग की थी। महिला पहले से शादीशुदा थी और उसका एक बच्चा भी है, जबकि पुरुष अविवाहित है। दोनों ने बताया कि वे अपनी मर्जी से साथ रह रहे हैं लेकिन परिजनों से उन्हें खतरा है। याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट से अनुरोध किया कि पुलिस उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई करे और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पिछले फैसलों का भी हवाला दिया जिनमें अदालत ने लिव-इन कपल्स की सुरक्षा पर जोर दिया था।

---

### कांग्रेस का रेवाड़ी में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान

# भाजपा ने जनादेश को किया चोरी

**भाजपा ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी और वोटों में हेराफेरी करके सरकार बनाई**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सरकार नहीं बल्कि जनादेश को चोरी किया। जन भावनाएं कांग्रेस के साथ थी और पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही थी, लेकिन भाजपा ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी और वोटों में हेराफेरी करके अवैध तरीके से सरकार बनाई। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रेवाड़ी में आयोजित वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत रोष मार्च निकाला गया और राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। उनके साथ कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल और सांसद दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2024 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल रहा था, खुद भाजपा के नेता भी यह मान रहे थे कि कांग्रेस की सरकार बनेगी वे तो विपक्ष के विधायक के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं मगर भाजपा ने ईवीएम से छेड़छाड़ और वोटों में फर्जीवाड़ा करके कांग्रेस की चुनी हुई सरकार को चुराया।




---

### नकली दवाइयों और एनडीपीएस के मुद्दे पर अंतरराज्यीय सेमिनार

# नकली दवाओं की रोकथाम पर मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) हरियाणा द्वारा नकली दवाइयों और एनडीपीएस के मुद्दे पर देश का पहला अंतर्राज्यीय सेमिनार चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलर, सीआईडी और पुलिस विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस सेमिनार का उद्देश्य पड़ोसी राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाकर नकली/जाली दवाओं की रोकथाम एवं एनडीपीएस दवाओं के नशे के तौर पर दुरुपयोग को रोकना था। इसके तहत विभिन्न राज्यों के विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान और प्रवर्तन अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने किया। इस अवसर पर एफडीए हरियाणा के आयुक्त डॉ. मनोज कुमार, राज्य औषधि नियंत्रक ललित कुमार गोयल सहित मुख्यालय एवं फील्ड अधिकारी मौजूद रहे।



### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को सरकार प्रतिबद्ध

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता और कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल की राधेश्याम कॉलोनी क्षेत्र की सभी सडक़ों के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। यह सभी सडक़ें नगर परिषद की ओर से लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बनाई जाएंगी। प्रदेश सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# भारत का लोकतंत्र किसी भी सत्ता के आगे झुकने वाला नहीं : सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



**वोट चोरी से न केवल सरकार बदलती है बल्कि देश का भविष्य बन जाता है बंधक**

सांसद सैलजा ने कहा कि हमारे लोकतंत्र पर सबसे बड़ा खतरा किसी बाहरी ताकत से नहीं, बल्कि भीतर पनप रहे वोट चोरी के संगठित तंत्र से है। यह केवल किसी एक प्रदेश या किसी एक चुनाव की समस्या नहीं है। यह हमारे संविधान की आत्मा पर सीधा वार है, हमारे मताधिकार का अपमान है, और जनता की संप्रभुता को कमजोर करने की कोशिश है। 14 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे, रामलीला मैदान, नई दिल्ली में 'वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली' आयोजित की जा रही है। यह रैली केवल एक विरोध कार्यक्रम नहीं यह लोकतंत्र की रक्षा का राष्ट्रीय अभियान है। यह उस आवाज की शुरुआत है, जो सत्ता के दमन के बावजूद हर दिशा में गूंजेगी कि भारत का लोकतंत्र किसी भी सत्ता के आगे झुकने वाला नहीं है। देशभर से जिस तरह की शिकायतें और प्रमाण सामने आए हैं, वे बता रहे हैं कि मतदाता सूचियों में खुलेआम हेरफेर हो रही है।

---

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले-कोई गलती करेगा कार्रवाई होगी

# पार्टी में अनुशासन समिति गठन के बाद भी नहीं सुधर रहे हालात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस में अनुशासन समिति का गठन हो जाने और जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में पोस्टर व बैनरों पर फोटो इस्तेमाल के संबंध में सीधे दिशा निर्देश जारी कर दिए जाने के बावजूद खींचतान और गुटबाजी पर लगाम नहीं लग सकी है। सिरसा सहित कईं जिलों में होर्डिंग और पोस्टर, बैकड्राप में फोटो को लेकर खासी फजीहत हुई, जिस पर पीसीसी प्रमुख राव नरेंद्र सिंह ने साफ कर दिया है कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी गाइडलाइन के हिसाब से सभी नेताओं के फोटो होने चाहिए अगर कोई भी मामला अनुशासन समिति के संज्ञान में आया तो कार्रवाई होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र ने एक बार फिर से साफ कर दिया है कि हमारे लिए सभी नेता आदरणीय हैं। अगर कोई मामला हमारे अथवा अनुशासन समिति के संज्ञान में आया तो गलती करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के अंदर सभी को साथ लेकर चला जाएगा, अगर किसी ने व्यक्तिगत तौर पर इस तरह की बात की है, तो गलत है। सिरसा में पूर्व सीएम और नेता विपक्ष, सांसद व पूर्व मंत्री कुमारी सैलजा का फोटो नहीं होने की सूरत में सवाल उठाए गए थे। इसी तरह से कुछ अन्य जिलों से भी धड़े बंदी व गुटबाजी का पुराना मामला थामे नहीं थम रहा है।

#### अनुशासन समिति ने पांच जोन बनाए

- पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व कैथल।
- करनाल, पानीपत, सोनीपत व जींद।
- गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह और पलवल।
- रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी व चरखी दादरी।
- फतेहाबाद, हिसार और सिरसा।

---

**तैयारियां तेज** 25 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी श्री गुरु तेग बहादुर जी शहीदी दिवस पर शिरकत करेंगे

### पार्किंग के लिए 160 एकड़ भूमि का चयन किया गया

# प्रधानमंत्री से पहले रक्षा मंत्री कुरुक्षेत्र आएंगे, 24 को ब्रह्मसरोवर में पवेलियन का शुभारंभ करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती पर देश की सभी महान व बड़ी हस्तियां शिरकत कर रहे हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में तैयार हरियाणा पवेलियन का 24 नवंबर को शुभारंभ करेंगे। इसके अगले दिन 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाआरती में हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे है। नागरिकों में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के प्रति लोगों में आस्था बढ़ती जा रही है, इस बार महोत्सव में लगभग 70 लाख से ज्यादा लोगों की पहुंचने की संभावना है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को ब्रह्मसरोवर स्थित कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, सदस्य सौरभ चौधरी, हरमेश सिंह, अलकेश मोदगिल, रोशन बेदी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर से अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव चला हुआ है। विदेश मंत्रालय के सहयोग से 50 देशों में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर में लगाए जा रहे पंडाल । फोटो : हरिभूमि

#### अरदास, कीर्तन और पीएम मोदी के संबोधन के लिए ज्योतिस में तैयार किया विशाल पंडाल

कुरुक्षेत्र। श्रीगुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर 25 नवंबर को ज्योतिसर में एक भव्य और यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र गुरु साहिब की धरा से श्री गुरु तेग बहादुर जी की बाणी का संदेश विश्व के कोने-कोने तक पहुंचेगा। जिन सेवादारों की ड्यूटी लंगर व अन्य व्यवस्था के लिए लगाई गई है, वो अपना पास बनवाना सुनिश्चित करें ताकि प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत व परेशानी ना हो। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शनिवार को ज्योतिसर में सिख संगत, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों, भाजपा नेता और अधिकारियों ने मंथन और विचार विमर्श कर रहे थे।

#### 155 एकड़ में बनाया समारोह पंडाल

सुभाष सुधा ने कहा कि 25 नवंबर को ज्योतिसर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीगुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस समारोह में शिरकत करेंगे। ज्योतिसर स्थित 155 एकड़ में विशाल पंडाल तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब डेढ़ लाख की संख्या में साध संगत के पहुंचने की संभावना है। जिसके आने-जाने की पूर्ण व्यवस्था की जा चुकी है। इस 155 एकड़ में समारोह पंडाल, जोड़ा घर, लंगर हाल सहित जरुरत की सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### टेलिग्राम टास्क के नाम पर 7,39,140 की ठगी

**फरीदाबाद।** थाना एनआईटी की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में खाताधारक सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी में सेक्टर-21 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास 29 अप्रैल को व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें होटल, रेस्टोरेंट, कैफे की रेटिंग करके पैसे कमाने के बारे में बताया गया था। पहले उसे तीन टास्क के बदले 100 रुपये दिए गए। जिसके बाद प्रीपेड टास्क के लिए बोला गया, फिर उसने विभिन्न टास्क के लिए कुल 7,39,140 रुपये ठगों के पास भेज दिए और फिर उससे 10 लाख रुपये का टास्क और करने को कहा जिसके लिए उसने मना कर दिया। जिसके बाद ठगों द्वारा उसे कोई पैसा वापस नहीं दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### केबल चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊचा गांव की टीम ने बीएसएनएल की कॉपर केबल चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएनएलए फरीदाबाद से पुलिस को एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि कोई नामालुम बार-बार सेक्टर 15, सेक्टर-16 डिवाइडिंग रोड पर बीएसएनएल कॉपर केबल काट कर केबल चोरी कर रहा है। जिस शिकायत पर थाना सैंट्रल फरीदाबाद में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा ऊचा गांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए आलोक निवासी नोएडा उत्तर प्रदेश, कार्तिक निवासी सेक्टर.133 नोएडा उत्तर प्रदेश व शाकिब निवासी वेलकम कालोनी शाहदरा दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक साथ नोएडा में रहते हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रोडवेज की तर्ज पर निजी बस संचालक बना रहे विद्यार्थियों के बस पास

# सीएम ने सर्दियों के सीजन में सड़क सुरक्षा को लेकर मुहिम चलाने का दिया आदेश

निजी बस ऑपरेटरों ने खुद के दफ्तरों में बैठाया पास बनाने के लिए स्टाफ

*स्टेज कैरिज प्राइवेट बस वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान डा. धन सिंह ने साफ कर दिया है कि निजी बसों के लिए छात्रों को उनके दफ्तरों से अलग से पास बनवाने होंगे, कई छात्र रोडवेज के पास लेकर हमारे चालकों और परिचालकों के साथ में बिना वजह के विवाद करते हैं।*

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा रोडवेज की तर्ज पर प्रदेश के विद्यार्थियों को निजी बस संचालक भी पास की सुविधा प्रदान करते हैं, लेकिन निजी बसों में यात्रा के दौरान रोडवेज वाले पास नहीं बल्कि निजी ऑपरेटरों से अलग से पास बनवाना होगा। इसके लिए निजी बस संचालकों ने अपने दफ्तरों में ही स्टाफ की ड्यूटी लगाकर पास बनाने के आदेश दिए हुए हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में असमंजस और ठीक तरह से इस बारे में समझ नहीं होने के कारण आए दिन निजी बसों के चालक परिचालकों से विद्यार्थियों के झगड़े हो रहे थे। इस क्रम में स्टेज कैरिज प्राइवेट बस वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान डा. धन सिंह ने साफ कर दिया है कि निजी बसों के लिए छात्रों को उनके दफ्तरों से अलग से पास बनवाने होंगे कईं छात्र रोडवेज के पास लेकर हमारे चालकों और परिचालकों के साथ में बिना वजह के विवाद करते हैं।



### बसें चलाकर विद्यार्थियों को सहुलियत देने का आदेश

यहां पर उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक ली थी, जिसमें उन्होंने बढ़ती छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों सुबह के समय और पीक टाइम में अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया था। बसों की संख्या बढ़ाने के साथ ही उन्होंने साफ कर दिया था कि निजी बसों में भी सरकारी बसों की तर्ज पर छात्र छात्राओं को (विद्यार्थी पास) की सुविधा अनिवार्य है। अर्थात उन्हें टिकट नहीं खरीदना होगा लेकिन यह भी साफ है कि निजी बस संचालकों की बसों में यात्रा करने के लिए विद्यार्थियों को अलग से पास बनवाना होगा। अर्थात उस पास को निजी बस संचालक के आफिस से ही तैयार किया जाता है। पास के लिए छात्रों को अलग से भुगतान करने के स्थिति में ही दिया जाता है। सैनी ने शुक्रवार की देर शाम को हरियाणा सिविल सचिवालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक के दौरान विद्यार्थियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए हैं।स्कूली बच्चों की सुरक्षा, जान माल की सुरक्षा और उनको बस में लटककर यात्रा नहीं करनी पड़े इसके लिए अतिरिक्त बसें स्कूल, कालेज टाइम पर चलाने के लिए कहा गया है। इतना ही नहीं स्कूली बच्चों की सुरक्षा से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए और सुरक्षा मानकों और बसों में लगे जीपीएस सिस्टम का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें।

**कैमरों की मदद से स्पीड मॉनिटरिंग को मजबूत करें**

ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कैमरों की मदद से स्पीड मॉनिटरिंग को मजबूत किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों का तुरंत चालान करने के आदेश भी दिए गए हैं।

**ओवरस्पीडिंग**

*ओवरलोडिंग पर सख्ती बरतने के लिए कहा गया है। छात्रों की सुरक्षा से लेकर सड़क सुधार तक त्वरित कदम उठाने के आदेश जारी किए गए हैं। सीएम ने छात्रों के लिए अतिरिक्त बसें, निजी बसों में भी पास सुविधा को लेकर भी विस्तार से चर्चा की है।*

### विभिन्न विभागों से लेते हैं पैसा

निजी बस संचालकों को भी पास के बदले में संबंधित विभाग से पैसा प्राप्त करना होता है। निःशुल्क सफर उपलब्ध कराने और रियायती पास के बदले यात्रा कराने के बदले में पैसा सरकार के विभिन्न विभाग निजी बस चालकों को देते हैं। प्रदेश के अध्यक्ष डा. धन सिंह ने बताया कि लगभग 40 श्रेणियों को यात्रा कराई जाती है। इसमें तीस निशुल्क और दस रियायती पास वाले हैं। हम निशुल्क पास का भुगतान संबंधित विभाग से लेते हैं, जबकि रियायती पास पर दी गई छूट का पैसा भी विभागों से लिया जाता है। निजी ऑपरेटरों द्वारा इसका रिकार्ड तैयार कर विभागों से क्लेम किया जाता है। हरियाणा रोडवेज के नियमों के हिसाब से बनाते हैं पास निजी बसों के ऑपरेटर भी पास बनाने का काम करते हैं।




**तेज बुखार ने ली जान**

# तीन महीने पहले स्टडी वीजा पर रूस गए युवक की मौत

- परिजन बोले, पांच दिन तक आईसीयू में भर्ती रहा बेटा, अब सरकार से शव भारत लगाने की गुहार
- बहन बोली, भाई की मौत से बर्बाद हो गया परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

साबांपुर गांव के 26 वर्षीय युवक नारायणदत्त की रूस में मौत हो गई। तीन महीने पहले युवक स्टडी वीजा पर रुस गया था। उसकी मौत की खबर के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। खासकर परिवार के इकलौते चिराग के बुझ जाने से कोहराम मचा हुआ है। नारायणदत्त महज़ तीन महीने पहले ही अपने सुनहरे भविष्य के सपने और उम्मीदें लेकर पढ़ाई के लिए रूस गया था। अचानक आए तेज बुखार को उसकी मौत की वजह बताया जा रहा है। नारायणदत्त की मौत से सांबापुर के साथ ही गांव मुलाना में भी शोक की लहर है। दरअसल नारायणदत्त की माता अपने परिवार के साथ वर्षों से मुलाना में रही । यहीं नारायणदत्त ने पढ़ाई की। कुछ साल पहले ही परिवार मुलाना से गांव में शिफ्ट हुआ था।

**भाई की याद में बहन बदहवास**

अपने इकलौत भाई की मौत के बाद बहन शिवानी की आंखें पूरी तरह से नम हैं। वह बताती हैं कि उनका भाई अगस्त 2025 में रूस पढ़ाई के लिए गया था। वहीं के साथियों से जानकारी मिली थी कि उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई है। वह बेहोश हो गया था और उसे तेज बुखार बताया गया था। वह कहती है हमें सिर्फ इतना बताया जा रहा था कि भाई आइसीयू में है। किसी को भी उसे देखने तक नहीं दिया जा रहा था। हम फोन पर उसके बारे में पूछते रहे, लेकिन उसकी सही स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही थी। अचानक वीरवार को मौत की सूचना आ गई। नारायणदत्त के पिता रविंद्र शर्मा अपने दुख को शब्दों में पिरोते-पिरोते टूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेटा उनका इकलौता सहारा था।

**आईसीयू में हारा मौत से जंग**



पांच दिनों तक नारायणदत्त रूस के अस्पताल में आइसीयू में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ता रहा। डॉक्टर उसकी हालत को संभाल नहीं सके। वीरवार को करीब पांच बजे उसकी मौत की सूचना भारत पहुंची।

**नगर पालिका, सांपला**
**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका, सांपला के आम चुनाव वर्ष 2026 में होने हैं, जिसके लिए वार्डबन्दी का कार्य किया गया है। इस सम्बन्ध में सरकार की अधिसूचना संख्या 9/117/2025-4C II दिनांक 21/11/2025 द्वारा नगर पालिका, सांपला के वार्डों की परिसिमन की प्रारम्भिक अधिसूचना को जारी किया गया है, जिसकी प्रति कार्यालय नगर पालिका, सांपला में उपलब्ध है। यदि उपरोक्त वार्डों की परिसिमन से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति का कोई आक्षेप है या सुझाव है तो वह सात दिन के अन्दर-अन्दर अर्थात् दिनांक 27/11/2025 को सायं 05:00 बजे तक लिखित रूप में नगर पालिका, सांपला कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के पश्चात कोई भी आपेक्ष / सुझाव मान्य नहीं होगा। और समझा जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को इस बारे कोई भी आपत्ति नहीं है।

सचिव नगर पालिका, सांपला

# निर्माणाधीन 3 मंजिला बिल्डिंग गिरी भवन में कोई नही था मौजूद

**बेसमेंट में पानी भरने से हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सीकरी गांव में हरफला रॉड पर निर्माणाधीन 3 मंजिल बिल्डिंग भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ उसे समय बिल्डिंग के अंदर कोई भी मौजूद नहीं था। आज बिल्डिंग में कोई भी मिस्त्री काम करने के लिए नहीं आया था जिसके कारण बिल्डिंग का गेट बंद पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि यहां पर नर्सिंग होम बनाने के लिए यह बिल्डिंग बनाई जा रही थी। बिल्डिंग को झुकता हुआ देख आसपास के लोग भी दूर हो गए जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गई। बिल्डिंग बेसमेंट में पानी भरने के कारण ये हादसा हुआ था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से निर्माण का कार्य चल रहा था। यहां पर नर्सिंग होम बनाने के लिए बिल्डिंग बनाई जा रही थी। इस बिल्डिंग में बेसमेंट भी बनाया गया है। बिल्डिंग को बनवा रहे मालिक डॉ. राधा रमन ने बताया कि यहां जमीन में पानी काफी ऊपर है। कुछ फीट खोदने पर ही पानी निकल आता है। जिस कारण बेसमेंट में पानी जमा हो रहा था। बेसमेंट में पानी के भरने से नींव कमजोर हो गई और बिल्डिंग गिर गई।



फरीदाबाद। सीकरी-हरफला रोड पर बन रही बिल्डिंग गिरने के बाद उड़ती धूल। फोटो: हरिभूमि

**क्या कहते हैं चौकी प्रभारी**

सीकरी चौकी प्रभारी प्रदीप ने बताया कि इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है जिस बिल्डिंग का निर्माण चल रहा था वहां पर आज कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था हालांकि इससे दूसरी दुकानों को जरूर नुकसान हुआ है।

**गिरने से पहले बिल्डिंग में हुआ झुकाव**

गांव सीकरी में हरपाल रोड पर भावना नर्सिंग होम के नाम से एक इमारत बनाई जा रही थी। बल्लभगढ़ की डॉ. राधा के द्वारा इस बिल्डिंग को बनवाया जा रहा था। यह बिल्डिंग तीन मंजिल की बनी हुई थी। जिसमें अभी भी निर्माण का काम चल रहा था। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे के बाद अचानक से बिल्डिंग में झुकाव होने लगा। बिल्डिंग में झुकाव को हो तो देख आसपास के लोग वहां से दूर हट गए। इसके कुछ ही समय बाद कर पूरी इमारत गिर पड़ी। बिल्डिंग को बनवा रहे मालिक डॉ. राधा रमन ने बताया कि यहां जमीन में पानी काफी ऊपर है। कुछ फीट खोदने पर ही पानी निकल आता है। जिस कारण बेसमेंट में पानी जमा हो रहा था।



जींद। नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

# लेबोरेटरी में लगी आग से संचालक का दम घुटा, मौत

- देर रात तक काम होने कारण संचालक सोया था बेसमेंट में
- शार्ट सर्किट से देर रात लगी आग, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

**मामले की हो रही जांच**

सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि युवक की मौत धुएं से दम घुटने के कारण हुई है। आग शार्ट सर्किट से लगी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट में बीती रात निजी लेबोरेटरी में शार्ट सर्किट से लगी आग के चलते बेसमेंट मे सोए संचालक की दम घुटने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया और शव का बाहर निकाला। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव घोघड़िया निवासी प्रवीण (29) हुडा मार्केट में पार्टनरशीप में लेबोरेटरी चलाता था। देर रात तक काम होने के कारण वह बेसमेंट में सो जाता था। बीती देर लेबोरेटरी में आग लग गई। बेसमेंट में सोया प्रवीण अंदर फंस गया और धुआं अधिक होने के कारण दम घुटने से मौत हो गई। जब निजी अस्पताल के गार्ड ने घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड तथा सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।



**BR DEGREE COLLEGE**
SEHLANG, DISTT- MAHENDER GARH (HR)-123027
(Approved by govt of Haryana& Affiliated to IGU, Meerpur- Rewari)

**REQUIRES**

**Principal-01, Assistant Professor:** English-01, Hindi-01, Mathematics-01, Physics-01, Chemistry-01, Botany-01, Zoology-01, Economics-01, History-01, Geography-01, Sanskrit-01, Political Sci-01, Physical Edu-01, Music Vocal -01, Computer Science- 01.
**Non-Teaching Staff :** Head Clerk-01, Assistant-01, Lab Assistant for each Lab-01, Librarian-01, Junior Librarian -01, Lib attendant-01, Lab attendant for each Lab-01, Clerk Cum Typist-01, Data Entry Operator and Computer Operator-01, Peon-01, Mali-01, Security Men-01

**Qualification & Salary as per IGU Rewari /State Govt/UGC Norms.**
Interested candidates may send their applications along with passport-size photos and copies of all testimonials to the President of college within 21 days of this advt. Candidate must send one copy of same to the Dean of colleges IGU, Meerpur, Rewari, along with application processing fees of Rs 1000/- (Only for teaching staff) through Cash Receipt / D.D. in favor of Registrar, IGU, Meerpur, Rewari.
**Note: The Candidates who have already applied earlier vide Advt No. -1/2025, published on 28th October 2025 given in same newspaper, need not to apply again.**
**E-mail:brdegreecollegesehlang@gmail.com, Mobile: 9416344514**
**PRESIDENT**
**Advt No.-2/2025, Date of Publication : 23rd November 2025**

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

### बुजुर्ग महिला को बाइक पर लिफ्ट दे जेवरात और नकदी लूटी

- मारपीट कर वारदात को अजांम देने का आरोप मामला दर्ज

**जींद।** गांव बोहतवाला से बुजुर्ग महिला को बाइक पर लिफ्ट दे उसके सोने के जेवरात तथा नकदी को लूट लिया। आरोपित ने महिला के साथ मारपीट भी की। सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ लूट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बोहतवाला निवासी शांति (70) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर जाने के लिए गांव के बस अड्डे पर साधन का इंतजार कर रही थी। कुछ समय के बाद बाइक सवार युवक उसके पास आया। जिसने उसे शहर के लिए लिफ्ट दे दी। बाइक सवार युवक उसे गांव सिवाहा रेलवे स्टेशन के निकट सुनसान जगह पर ले गया। आरोपित ने महिला से मारपीट करते हुए उसे सोने की नोज पिन, गले से तबीजी, दो सौ रुपये की नकदी को लूट लिया। राहगीरों के सहयोग से शांति ने घटना की सूचना पुलिस तथा परिजनों को दी।

# प्रदूषण फैलाने वाली कंपनी पर की कार्रवाई

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने प्रदूषण फैलाने वाली कम्पनी व उत्तर प्रदेश सीमा पर बने शराब के ठेके पर जांच की। इस प्रदूषण फैलाने वाली कम्पनी पर कार्रवाई तथा शराब के ठेके पर सैम्पल लिए और कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को कहा।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्लॉट नः 26, सेक्टर-4 फरीदाबाद में चलाई जा रही कंपनी में प्रदूषण विभाग के नियमों की अनदेखी की जा रही है। जिससे प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। औचक निरीक्षण में मनोज कुमार कंपनी मालिक हाजिर मिला। निरीक्षण के दौरान कंपनी में बिजली उपकरण बनाने का कार्य किया जा रहा था। जिसमें बीओपीपी फिल्म से मेटलाइज्ड करके कैपिस्टर बनाये जा रहे थे। चलाई जा रही कंपनी के संबंध में उज्वल एईई द्वारा वैध दस्तावेज सीटीई/सीटीओ पेश करने के बार में कहा, लेकिन मौके पर मनोज उपरोक्त एनओसी संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

### मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने शराब ठेके पर की छापेमारी

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद की टीम ने ग्रेटर फरीदाबाद के गांव किडावली का शराब ठेका यमुना नदी के पार उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा के नजदीक खोला हुआ है। जहां पर 24 घंटे शराब ठेका खोला जाता है और बिना हॉलमार्क की शराब बेची जाती है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा सोमदत व कृष्ण कुमार आबकारी निरीक्षक, आबकारी विभाग फरीदाबाद की टीम के साथ गांव किडावली की राजस्व संपदा में बने शराब ठेके का औचक निरीक्षण किया गया। यह शराब ठेका यमुना पार नोयडा यूपी में बने ग्रीन ब्यूटी फार्म हाउस के नजदीक चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान रात्रि 10.30 बजे शराब ठेका खुला हुआ था और बिक्री की जा रही थी। शराब लाइसेंसी द्वारा रेट लिस्ट आदि नहीं लगाई हुई थी। शराब लाइसेंसी के विरुद्ध आबकारी नियमों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ब्रीच ऑफ एक्साइज की कार्रवाई की जाएगी।

**कुटेशन आमंत्रण पत्र**

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 2025 का आयोजन भाई उदय सिंह किले पर दिनांक 28.11.2025 से 01.12.2025 तक किया जाना है। जिसके लिए टैंटेज (कुर्सी, मेज, पर्दा, गलीचा, चांदनी, मैट, वाटर प्रूफ टैंट, पाईप, स्टेज, सोफा, जरनेटर इत्यादि) लाईट (एलईडी लाईट, एलईडी बल्ब, लड़ी, हैलोजन लाईट, सारप लाईट इत्यादि), फलैक्स (फलैक्स बैनर, पंपलेट, निमंत्रण पत्र, प्रशंसा पत्र, स्टैंडी इत्यादि) व साउंड (एम्पलीफायर, कॉलम स्पीकर, मॉनिटर, कॉडलैस माईक, माईक, मिक्चर, होरन इत्यादि) फोटोग्राफी व विडियोग्राफी, मोमंटो, फलावर डैकोरेशन, कलश, बैंड बाजा, रथ, सॉल, जलपान व्यवस्था समयानुसार की जा सके। इसके लिए सम्बन्धित फर्म अपने निर्धारित रेट बंद लिफाफे में स्वयं लेकर दिनांक 25.11.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक उपमंडल अधिकारी (ना.०) कार्यालय कैथल में हाजिर होवें। यह भी दर्शाया जाए कि फर्म का खाता नबंर व जीएसटी नबंर उपलब्ध है या नहीं।

**उपमंडल अधिकारी (ना.0) कैथल।**

## शब्द पहेली - 6056



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6055 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | य | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |



